
प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें
https://dainikyashonnati.com

वर्ष 8+15 अंक 23 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 14 मई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## दशको से नाले पर बने प्रतिष्ठानों पर चले बुलडोजर

### दलसागर तालाब और भैरोगंज रोड़ पर अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्यवाही

सिवनी यशोः-सिवनी नगर के बस स्टैंड क्षेत्र में शनिवार को सिवनी नगर पालिका परिषद एवं राजस्व विभाग के द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान प्रारंभ किया इस अतिक्रमण हटाओं दस्ते के द्वारा दशको से बनी राज लाँज जो के के लाज के नाम से जानी जाती है पर बुलडोजर चलाकर धस्वत करने की कार्यवाही से इस क्षेत्र के सभी व्यापारियों में दहशत फैल गयी और उस क्षेत्र में दशको से व्यापार करने वाले व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों को खाली करने में जुट गये। जेठ की चिलचिलाती धूप में सोमवारी चौक भैरोगंज की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित व्यापारी अपनी दुकाने खाली करने में पूरी क्षमता के साथ जुटे हुये थे।




जानकारी के अनुसार बस स्टैंड क्षेत्र के दलसागर तालाब के किनारे से भैरोगंज के लिये जाने वाले मार्ग पर दशको अनेक व्यापारियों का कब्जा है हालांकि आज भले ही यह कब्जा अवैध हो गया है परंतु यहाँ से के अधिकांश व्यापारियों ने अस्थाई पट्टा लिया था जिसकी राशि भी नगर पालिका परिषद को दी जाती थी। यह सारे प्रतिष्ठान एक नाले के ऊपर बने हुये हैं।

व्यापारी प्रतिष्ठानों से सामान निकालते रहे यहाँ चलते रहा बुलडोर

जानकारी के अनुसार प्रशासन के द्वारा इन सभी कब्जाधारियों को कुछ दिन पूर्व नोटिस दिये गये थे परंतु दशको आधा सैकड़ा से अधिक व्यापारियों का यहाँ कब्जा था और उन्हें ऐसा लग रहा था कि प्रशासन से अनुनय विनय कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को स्थागित करा लिया जायेगा और इस प्रकार के प्रयास चल भी रहे थे परंतु अचानक शनिवार को सिवनी नगर पालिका और राजस्व विभाग के भारी लाव लश्कर के साथ बड़ी सं या में पुलिस बल यहाँ पहुँचा और साथ में आयी हुई आधा दर्जन के करीब अतिक्रमण हटाने वाली मशीनों ने अपना काम प्रारंभ करते हुये के कें लाँज और लाँज के सामने सड़क की दूसरी ओर स्थित प्रतिष्ठान पर बुलडोजर से तोड़ फोड़ शुरू कर दी। अतिक्रमण दस्ते की इस कार्यवाही से पूरी लाईन के कब्जाधारी दहशत में आ गये और उन्होंने अधिकारियों से बात करने की कोशिश की परंतु कोई रियायत नहीं दी गयी और सभी से तुरंत सामान निकालने की बात कहीं अन्यथा की स्थिती में सामान की परवाह किये बिना बुलडोजर चलाने की बात कही।

अतिक्रमण की इस कार्यवाही से सभी कब्जाधारी दहशत में दिखाई दिये और उनके द्वारा प्रतिष्ठानों से सामान निकालने की कोशिशे की जा रही थी और इधर बुलडोजन धड़ाधड़ चल रहे थे।

अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई देखकर कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। लोगों ने सरकारी नाले पर कब्जा कर पक्की दुकानें तान ली। बुलडोजर (पोकलेन) ने कब्जों को देखते ही देखते ध्वस्त कर दिया। नाले के ऊपर बनी दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई चलती रहेगी। नाले के पक्के निर्माण बुलडोजर से जैसे जैसे तोड़ना शुरू किया, सड़क किनारे मलवे का ढेर लगने लगा। अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू होते ही ऐसे लोगों को डर सताने लगा है जिन्होंने बिना कुछ सोचे समझे सरकारी नाले व जमीन पर पक्के कब्जे कर रखे हैं। आम लोगों के लिए उपयोगी सरकारी नाले व जमीन को कब्जों ने निगल लिया है। कार्रवाई से केबल कने शन धारियों की लाईने टूट गयी टेलीफोन, बिजली की कई लाइनें क्षेत्र में इंटर नेट सेवाएँ बंद हो गयी आमजनाता एवं अतिक्रमणकारियों से संबंधित व्यक्तियों का क्षेत्र में हुजूम लगा रहा



### 15 मई तक ऑनलाईन दर्ज किए जा सकते हैं लाड़ली बहना योजना के दावा-आपत्ति

सिवनी यशोः- प्रदेश शासन द्वारा संचालित मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत सभी पात्र महिलाओं से 30 अप्रैल तक ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन प्राप्त किए गए हैं, जिसकी अनंतिम सूची का प्रकाशन संबंधित ग्राम पंचायतों एवं वार्डों के साथ साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों में किया गया है। जारी अनंतिम सूची के विरूध्द 15 मई तक cmladlibahana.mp.gov.in पर दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं।

## बैलगाड़ी निकली बारात, पुरानी यादे हुई ताजा

बरघाट यशो :- विकासखंड बरघाट के ताखलाकला से बीते गुरुवार को बैलगाड़ी पर पुरानी पर परा के अनुसार बारात निकाली गई, जिसकी चर्चा जिले में जोरों पर है। इसकी तस्वीरें इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रही हैं। बारात में दस से ज्यादा बैलगाड़ियों व पैदल बाराती शामिल हुए और साथ में पुरानी आतिशबाजी जो लकड़ी में लगी रहती है और पटक कर फटाके जैसी आवाज होती है बारात के आगे बैंडबाजा बजाने वालों की टोलियां चल रही थी, जिसमें नाचते-गाते हुए बाराती शामिल हुए। लगभग विलुप्त हो चुकी परंपरागत बारात को देखने लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने बारात का वीडियो व फोटो मोबाइल पर खींचकर इसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। विवाह की सारी रस्में पूरी होने के बाद शुक्रवार को दूल्हा बैलगाड़ी से दुल्हन को लेकर वापस अपने घर ताखलाकला गांव लौटा। बताया जा रहा है कि पुरानी परंपरा को बचाने बैलगाड़ी पर बारात निकालने और विदा होने का निर्णय वर और वधु पक्ष ने मिलकर लिया।



## श्रीशनि जन्मोत्सव एवं स्थापना दिवस 19 मई को

### छिंदवाडा रोड स्थित शनि मंदिर में होंगे विविध आयोजन

सिवनी यशोः- शनिवार से ज्येष्ठ का महिना शुरू हो गया है जो कि 4 जून तक रहेगा, ज्येष्ठ माह में विशेष बडे पर्व एवं व्रत होंगे, विशेष रूप से इस महिने में शनि जयंती से लेकर गंगा दशहरा निर्जला एकादशी सहित विशेष पर्व है इस महिने 25 मई से नौ तपा शुरू होगा, साथ ही नौतपा में रोहणी लगेगी।



श्री शनि जन्मोत्सव एवं स्थापना दिवस के अवसर पर 19 मई को छिंदवाडा रोड रेल्वे क्रासिंग के पास भव्य आयोजन किया जा रहा है आयोजन शनि मंदिर समिति जगदीश गुप्ता ने बताया कि 19 मई को प्रातः 5 बजे अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन 7 बजे तक दिव्य श्रृगांर आरती एवं वैदिक ब्र हणों बालकों द्वारा वेद पाठ और दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक मंडल पूजन, हवन महाआरती तथा महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। तथा समिति ने अपील की है कि अधिक से अधिक सं या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ कमायें।

### अनन्या तिवारी का सुयश

सिवनी यशोः-केंद्रीय विद्यालय सिवनी की छात्रा कुमारी अनन्या तिवारी ने सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 96% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि अनन्या पढ़ाई के साथ-साथ कराटे में भी अव्वल रही है और हाल ही में उसने ब्राउन बेल्ट प्राप्त किया है। अनन्या तिवारी केंद्रीय विद्यालय सिवनी में कार्यरत शिक्षक श्री सुधीर कुमार तिवारी एवं मठ स्कूल में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती नीलम तिवारी की सुपुत्री है।



### जबरन नॉलेज




## स्टोन क्रेशर संचालक कर रहे मनमानी, हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीण दहशत में

### बंडोल थाना क्षेत्र के ग्राम कुकलाह में क्रेसर संचालको के विरूद्ध आक्रोश

बंडोल/सिवनी यशोः- ग्रामीणों की परेशानी से न प्रशासन को कोई लेना देना न जनप्रतिनिधियों को ग्रामीण ऐसी स्थिती में सिवाय मुसीबत उठाने के कोई विकल्प नहीं तलाश पा रहे है। ग्रामीण अधिक परेशानी होने पर अधिकतम अपनी ग्राम पंचायत के माध्यम से संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को सारे ग्राम की ओर से लिखित में आपत्ति जता सकते है तो ग्रामीण वह कर रहे है परंतु अधिकारी ग्रामीणों की परेशानियों को नजरांदाज करते हुये धन्नासेठों की गुलामी कर रहे है। बंडोल क्षेत्र के अनेक ग्राम में हैवी ब्लास्टिंग कर मनमाना अवैध उत्खन्न हो रहा है और उत्खन्न वाले क्षेत्र में निवास कर रहे ग्रामीण बीमारियों एवं दहशत के बीच रह रहे है। अनेक ग्राम पंचायतो की ओर से समय समय पर आपत्ति उक्त प्रस्ताव भी खनिज विभाग को सौंपे जाते है परंतु अधिकारियों द्वारा मानवजीवन की उपेक्षा करते हुये अवैध उत्खन्न को बढ़ावा दिया जाता है इसके पीछे उनकी या मजबूरी होती है यह तो अब अनपढ़ भी समझने लगा है इसलिये इसका उल्लेख करना अब आवश्यक नहीं रह गया है। बंडोल क्षेत्र की ऐसी एक ग्राम पंचायत है कुकलाह जहाँ मनमानी और निर्धारित नियमों के विरूद्ध हैवी ब्लास्टिंग कर क्रेसर संचालको द्वारा जमीन को खोखला करने के साथ ग्रामीणों को बीमारियाँ देकर धन एकत्रित किया जा रहा है वहीं ग्रामीणों के मकान हैवी ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त हो रहे है।



ग्रामीणों ने जानकारी देते हुये बताया कि शासन के निर्देशों को ताक पर रखकर कुकलाह में जिस मनमाने तरीके से हैवी ब्लास्टिंग का संचालन हो रहा है उससे क्षेत्र में दहशत और ग्रामीण निवासियों को बड़े बड़े नुकसान हो रहे हैं यहां होने वाली हैवी ब्लास्टिंग से निवासियों को भारी खतरे की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। बिना अनुमति और पूर्व सूचना के हैवी ब्लास्टिंग से मकानों में छत गिर रही है तो कहीं दरारे आ चुकी हैं। ग्राम कुकलाह निवासी निवासी राजकुमारी/ निमल सिंह, कमल सिंह/ साडू लाल बघेल, राजू विश्वकर्मा सहित स्थानीय निवासियों का कहना है कि किसी भी समय हैवी ब्लास्टिंग से अभी मकानों की छत गिर रही एवं मकानो में दरार आ रही है ब्लास्टिंग से बड़े-बड़े पत्थर के टुकड़े उड़कर गांव के मकानों में गिरते हैं जो कभी भी जनहानि व बहुत बड़ी दुर्घटना का अंजाम दे सकता है। बताया जाता है कि ब्लास्टिंग इतनी तीव्र होती है कि ऐसा लगता है मानो भूकंप आ गया हो क्षेत्र में मकानों की छत दीवारें कमजोर एवं जमीन खोखली होती जा रही है अगर इसी तरह अवैध ब्लास्टिंग का काम बिना रोक-टोक के चलता रहा तो किसी ना किसी दिन ग्राम वासियों का परिवार बहुत बड़ी घटना का शिकार हो सकता है।

ग्रामीण द्वारा इस संबंध में शिकायतें संबंधित अधिकारियों को कई बार की जा चुकी है परंतु कोई कार्यवाही नहीं होने से स्टोन क्रेशर के संचालकों के हौसले बुलंद है। वहीं मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ग्राम पंचायतो को अधिकार संपन्न बनाये जाने का ढिंढोरा तो पीटती है परंतु ग्राम पंचायतो की सुनने वाला कोई नहीं है।

ग्रामीणों द्वारा जिले के संवेदनशील कलेक्टर, खनिज अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी को पिछले दिनों ग्राम पंचायत के माध्यम से सूचना अवैध ब्लास्टिंग पर अंकुश लगाने के संबंध में आवेदन दिया गया है और ग्रामीणों ने जिले के संवेदनशील कलेक्टर क्षितिज सिंघल से अपेक्षा जताई है कि ग्राम कुकलाह के आसपास जितने भी स्टोन क्रेशर संचालित है उनका मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर दोषियों के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जाये एवं ग्रामीणों को जो इनकी मनमानी से नुकसानी हुई है उसकी भरपाई सुनिश्चित करायी जाये।



## कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद बरघाट में कांग्रेसीयो ने मिठाई बांटी

बरघाट यशोः-- कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस पार्टी जीत के बाद बरघाट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई, और जश्न मनाया।



कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की बढ़ती जीत को लेकर बरघाट नगर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। जश्न का माहौल है, इसी को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं बरघाट में जमकर जश्न मनाया, और बस स्टैंड में पटाखे फोड़कर मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील अवधिया ने बताया कि कर्नाटक में कांग्रेस की बढ़ती हुई बढ़त को देखते हुए आज जश्न मनाया है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। बीजेपी की भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ लोगों ने अपना भरोसा कांग्रेस पर दिखाया है। हम मतदाताओं का भी आभार व्यक्त करते हैं।इस अवसर पर सुरेंद्र जायसवाल, राकेश जैन जाहिद खान, संतोष दहाटे, आसिफ बब्लू खान, नवीन नागभिरे, प्रकाश चौधरी, कामरान नाजमी, उत्तम बिसेन, शाहिद खान, प्रसन्न गजभिये, अमित सोनटके, जाहिद खान, राजेश लुधियाना, राकेश गुप्ता, हर्ष गुप्ता, शीलवेंद्रम रियाज खान, राजेश लांजेवार, प्रेमशंकर श्रीवास्त्री, युगल चौधरी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

# सिंपल लिविंग हाई थिंकिंग आधार है डॉ बिसेन की जीवन शैली का

धन या पदों से व्यक्ति बड़ा नहीं होता, उसे बड़ा बनाते हैं उसके कर्म और गुण और उससे से भी बड़ा बनाते है उसकी सरलता। भारतीयता, आध्यात्मिकता, संवेदनापूरित समता की मूल्यदृष्टि को जीवन में चरितार्थ करने वाले बालाघाट - सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का राजनैतिक सफर 48 वर्ष मे प्रवेश कर रहा है। सिंपल लिविंग हाई थिंकिंग अंग्रेजी के यह चार शब्द डॉ बिसेन की जीवनशैली का आधार स्तंभ है। यही कारण है कि न कहीं कोई ढकोसला है और न कहीं कोई प्रपंच जो है वह सामने है पूरी पारदर्शिता के साथ।

ग्राम पंचायत के एक पंच से लेकर विधायक, राज्य सरकार मे विभिन्न विभागों के मंत्री, म.प्र. वित्त आयोग के अध्यक्ष से सांसद तक के जिस राजनैतिक पादान पर आज डॉ. बिसेन पहुंचे है, उसके पीछे उनकी सिंद्धांतवादी राजनीती और जनता के प्रति जवाबदेही के अलावा और कुछ नहीं है। राजनीती मे महत्वाकांक्षा सभी मे होती है, पर महत्वाकांक्षा की इस माला मे राजनैतिज्ञ अगर अपनी कर्मभूमि की जनभावनाओं के मोतियों को पिरो लें तो एक सुंदर स्वरूप के सामने आयेगा। डॉ बिसेन ने राजनीति मे कमोवेश जनभावनाओं के मोतियों की माला को धारण किया। नतीजा सामने है, क्षेत्र की अधोसंरचना विकास के नये नये मार्ग प्रशस्त हुए और नये नये आयाम के अध्याय जुड़े। विकास की इस इतिहास गाथा मे दूरदर्शिता की सोच के चलते वर्तमान के साथ साथ आने वाले भविष्य की भी तस्वीर बन रही है। यह सब करने के बाद वे दायित्वों के प्रति अपने आपको जवाबदेह मानकर कोई अहम नही पालते वरन संतुष्ट होकर चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहट लाकर अपनी अगली प्राथमिकता मे जुट जाते है। सिलसिला का यह सफर विधायक से लेकर सांसद बनने तक निरंतर जारी है। नतीजा क्षेत्र की जनभावनाओं के अनुरूप और उससे बढ़कर उपलब्धियों पर उपलब्धियां मिलना सिवनी के साथ साथ समूचे बालाघाट संसदीय क्षेत्र की तस्वीर बदल रहे है।

मूल्यों और सैद्धांतिक प्रतिबद्धता को अपने राजनैतिक जीवन की धुरी बनाकर सुचिता के मापदंड का अक्षरतः पालन करने वाले सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन का जन्म सिवनी जिले की बरघाट तहसील के एक छोटे से कस्बे पिपरिया में प्रतिष्ठित किसान स्व. श्री सेवकराम जी बिसेन एवं स्व. श्रीमति सोना बाई बिसेन के यहां 14 मई 1952 को हुआ। अपने माता पिता से मिले संस्कारों को उन्होने धरोहर की तरह सजोकर रखा। बी.एस.सी. की शिक्षा सिवनी में प्राप्त करने के बाद आयुर्वेदिक महा विद्यालय रायपुर से वर्ष 1975 में उन्होने ए.बी.ए.एम.एस. एवं डी.एच.बी. की डिग्री हासिल कर ग्राम गंगेरूआ से चिकित्सा क्षेत्र में कदम रखकर पीड़ित मानवता की सेवा को अपना लक्ष्य बना लिया। इसी दौरान डॉ. बिसेन को भाजपा के पितृपुरूष पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और उनके दर्शन ने इतना प्रभावित किया कि जनसेवा विशेषकर अंतिम छोर के व्यक्ति के उत्थान के लिये राजनीति भी एक सशक्त माध्यम समझ में आया। यहीं से डॉ. बिसेन ने लोगों के इलाज के साथ-साथ राजनीति मे भी अपनी दखलांदाजी शुरू कर दी।

मानवीय संवेदनाओं के प्रति गहरी आस्था रखने वाले डॉ. बिसेन जब चिकित्सीय डिग्री हासिल कर वापिस अपने गांव आये तब तक उनका जो लक्ष्य तय हुआ था वह एक अस्पताल बनाकर पीड़ित मानवता की सेवा करना था। इसी दौरान उन्होने राजनीति मे भी प्रवेश कर लिया और इस झंझाल मे ऐसे उलझते गये कि 47 वर्ष मे उनका अपना मु य लक्ष्य बहुत दूर हो गया। जब भी डॉ. बिसेन इस संबंध मे सोचते तो उन्हे बहुत अफसोस होता। आज एक पिता के लिये इससे बड़े गर्व



सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन के 71 वें जन्मदिवस पर पत्रकार संजय सिंह का विशेष आलेख

की` या दूसरी बात होगी कि उनके होनहार पुत्र डॉ. लोकेश बिसेन ने उनके सपने को साकार कर दिया है।

डॉ. बिसेन का जनप्रतिनिधी के रूप मे कार्य करने का ढंग जरा हटकर हैं। दरबार लगाकर समस्यायें सुनना और उसे हल करने का आश्वासन देना उनकी आदत मे शुमार नहीं है। इतना जरूर है कि घर पर आया कोई भी निराश नहीं हुआ है, डॉ. बिसेन ने उसकी बात सुनी है और उसकी समस्या का हल करने का प्रयास भी किया। चाहे विधायक के रूप मे रहे हो या आज सांसद के रूप मे, क्षेत्र का दौरा करना और वहां की जरूरतों का पता लगाना तथा उस शहर, गांव या टोला को किन योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकता है यह सब सोचना और उसके बाद उसका लाभ दिलाना यह उनके अपने कार्य करने का ढंग है। यही कारण है कि बरघाट विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने के दौरान अनेक स्कूल, स्टेडियम, कॉलेज की भव्य बिल्डिंग, फेकल्टियां, सड़कें, नदी नालों मे अनेक स्टाप डेम, कांचना मंडी जैसा जलाशय जैसी सौंगातों के साथ इतने तालाब मिले कि धान का कटोरा पानी से कभी रीत नहीं पाया। साढ़े तीन वर्षों के सांसदीय कार्यकाल मे भी काम करने का ढंग आज भी वैसा ही है। इतने कम वर्ष मे बालाघाट और सिवनी जिले को मिली विभिन्न उपलब्धियां मिसाल के रूप मे सामने है।

**राजनीति का नजरिया अलग–**

देश आजादी का 75 वां महोत्सव मना रहा है। आजादी के दौर की राजनीति का आज परिदृश्य बिल्कुल बदल चुका है। लोकतंत्र मे जनप्रतिनिधी को जनता पांच साल के लिये चुनती है। अगला चुनाव जीतने पर ही जनप्रतिनिधियों का फोकस रहता है। इस जुगत के लिये उन्हे भले ही जनहित से जुड़े विकास की बड़ी-बड़ी बातें करना पड़े या वादें करना पड़े उससे वे चूकते नहीं है। डॉ. बिसेन का इस मामले में नजरिया ही अलग है। बेफिजूल का आश्वासन या दिलासा देकर टालना उनकी आदत में शुमार नहीं है। अगर वे कोई वादा या घोषणा करते हैं तो सबसे पहले यह जरूर जान लेते है कि उसे वे पूरा कर सकेंगे या नहीं। विधायक रहते हुये अपने विधानसभा क्षेत्र में किये गये अनेक विकास कार्य और सांसद कार्यकाल के मात्र तीन साल में सिवनी जिले सहित समूचे संसदीय क्षेत्र को दी गई सौगातें अपने दायित्वों के प्रति उनकी गंभीरता को दर्शाती हैं।

**प्राथमिकता पर फोकस–**

सांसद बनने के बाद चुनाव के दौरान किये गये वादो पर उन्होने अपना पूरा ध्यान केन्द्रित कर लिया। सिवनी मु यालय मे पासपोर्ट कार्यालय खुलवाने के लिये उन्हे अपने दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। नीतिगत निर्णय अनुरूप एक संसदीय क्षेत्र मे एक ही पासपोर्ट कार्यालय खुल सकता था। यहां डॉ. बिसेन के अनुभव और लगन का ही कमाल है कि आज जिले मे पासपोर्ट कार्यालय है और भोपाल की भाग-दौड़ से जिलवासियों को मुक्ति मिल गई है। फोरलेन निर्माण मे आने वाली बाधायें दूर हुई और एशिया का सबसे बड़ा और सुंदर लाई ओवर युक्त मार्ग मिला। बरघाट के ग्राम जैवनारा एवं बालाघाट जिले के तिरोड़ी मे एक एक सेन्ट्रल स्कूल स्वीकृत कराया। सिवनी मे 100 वॉट का एफ.एम. रेडियो रिले सेन्टर भी प्रारंभ हो चुका है। बालाघाट से गोंदिया फोरलेन एवं लबादा से नयेगांव रिंग रोड की टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।

**रेल्वे पर विशेष फोकस–**

सांसद बनने के बाद चुनाव के दौरान किये गये वादों पर उन्होने अपना पूरा ध्यान केन्द्रित कर लिया। सिवनी मु यालय में पासपोर्ट कार्यालय खुलवाने के लिये उन्हे अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। नीतिगत निर्णय अनुरूप एक संसदीय क्षेत्र में एक ही पासपोर्ट कार्यालय खुल सकता था। यह डॉ. बिसेन के अनुभव और लगन का ही कमाल है कि आज जिले में पासपोर्ट कार्यालय है, और भोपाल की भाग-दौड़ से जिलवासियों को मुक्ति मिल गई है। फोरलेन निर्माण में आने वाली बाधाएं दूर हुई और एशिया का सबसे बड़ा और सुंदर लाई ओवर युक्त मार्ग मिला। बरघाट के ग्राम जैवनारा एवं बालाघाट जिले के तिरोड़ी में एक-एक सेन्ट्रल स्कूल स्वीकृत कराया। इस हेतु इस वर्ष बजट भी स्वीकृत हो चुका है और स्कूलों के लिये नये भवन की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। सांसद निर्वाचित होने के बाद उन्होने रेल अधिकारियों के साथ बैठक कर अमान परिवर्तन के निर्माणाधीन कार्यो की धीमी गति के संबंध मे जानकारी ली और आ ही बाधाओं को दूर करने मे लग गये। इसी दौरान रेल्वे स्टेशन पर बनने वाले दो कमरे के यात्री भवन की ड्राईंग डिजाईन बदलवाई और मॉर्डन स्टेशन स्वीकृत करवाया। जहां भवन स्वीकृत किया गया था, उसका स्थल चयन ही गलत था। इसलिये शहरवासियों की सुविधा को देखते हुये शहर की ओर ऐसा सर्वसुविधा युक्त नया भवन स्वीकृत करवाया, जिसमें यात्रियों के लिये ऐ सलेटर, लि ट सहित अन्य वे सारी सुविधायें मुहैया होगी जो बड़े स्टेशनों मे मिलती हैं। लंबी दूरी की यात्री टेऊने सिवनी होकर गुजरें उसके लिये दो की जगाह चार प्लेट फॉर्म स्वीकृत कराये। दो पैसिंजर टेऊन की स्वीकृति बाद सप्ताह मे चार दिन रीवा इतवारी ऐ सप्रैस टेऊन को सिवनी होकर चलाने, पेंचव्हेली एवं पातालकोट का सिवनी तक विस्तारीकरण करने की स्वीकृति दिलाकर सिवनी को चहुंओर से जोड़ दिया। सिवनी का व्यापार बढ़े और किसानों को उपज का अन्य शहरों के बाजारों से उचित दाम मिले इसके लिये उन्होने रेक प्वाइंट स्वीकृत कराया। रैक पॉइंट से आज सिवनी के व्यपारियों का व्यापार जहां बढ़ रहा है वहीं जिले के अन्नदाताओं को उनकी उपज का उचित दाम मिल रहा है। रसायनिक खाद, सीमेन्ट, लौहा के रैक आने का जहां मार्ग प्रशस्त हुआ है वहीं गिटटी परिवहन की भी स्वीकृति मिल चुकी है। बालाघाट जिले मे कटंगी से तिरोडी ब्राडगेज का कार्य पूर्ण कराकर मुंबई हावडा लाईन का लाभ दिलाया। गोंदिया से जबलपुर, गोंदिया से गढ़ा (जबलपुर) दो पैसिंजर ट्रेन और इतवारी से तुमसर, तिरोड़ी होकर बालाघाट पैसिंजर, तुमसर बालाघाट पैसिंजर, बालाघाट गोंदिया, इतवारी पैसिंजर टेऊन की स्वीकृति दिलाकर परिचालन शुरू कराया। इसके साथ ही बालाघाट को जहां जबलपुर चांदाफोर्ट ऐ सप्रैस मिली वहीं चैन्नई गया सुपर फास्ट ऐ सप्रैस का बालाघाट को स्टापेज स्वीकृत कराया।

***ओव्हर ब्रिज की सौगात–***

सांसद डॉ. बिसेन ने शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं नागपुर रोड रेल्वे क्रासिंग पर फाटक बंद की समस्या के निदान के लिये खैरीटेक से नगझर तक फोरलेन सड़क एवं ओव्हर ब्रिज हेतु एनएचएआई से 1.26 करोड़ रूपये स्वीकृत कराकर शहर को एक बहुत बड़ी सौगात दी है। सड़क एवं पविहन मंत्रालय भारत सरकार से बंडोल से कोहका मार्ग की स्वीकृति भी डॉ. बिसेन की ही देन है। इस टू लेन मार्ग से छिंदवाड़ा से जबलपुर की दूरी जहां कम होगी वहीं फुलारा टोल प्लाजा से भी निजात मिल जायेगी। यही नहीं इस मार्ग मे पड़ने वाले सभी ग्रामों को भी सीधी आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

**अगली प्राथमिकता –**

कम समय मे अधिक काम निपटाना यह डॉ. बिसेन की काबलियत है। दो बार कोरोना काल को मिलाकर मात्र साढे तीन वर्षो मे अनेक ऐसी उपलब्धियां जिन्हे मिलने मे सालो साल लगते है, उसे देने के बाद शेष बचे कार्यकाल का भी उन्होने लक्ष्य तैयार कर लिया है। सिवनी रेल्वे स्टेशन को जें शन का स्वरूप देने सिवनी कटंगी रेल लाईन, गोंटेगांव रामटेक रेल लाईन, मलाजखंड से चिरइडोंगरी नई रेल लाईन, सिवनी एवं बालाघाट रेल्वे स्टेशन को अमृत योजना के तहत अधिक से अधिक लाभ दिलाना, सिवनी बालाघाट रेल्वे क्रासिंग पर ओव्हर ब्रिज सहित फोरलेन मार्ग, सिवनी कटंगी भंडारा को एनएचआई घोषित कराना। सिवनी की प्रतिभाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय मंच मिल सकें इसके लिये 10 किलो वॉट का एफ.एम. रेडिया स्टेशन, बालाघाट मे मेडिकल कॉलेज एवं सिवनी मे कृषि महाविद्यालय आदि को डॉ. बिसेन ने अपनी अगली प्राथमिकता तय कर प्रयास शुरू कर दिया है।


**बधाई एवं शुभकामनायें–**

मानवीय संवेदनाओं के प्रति अजेय आस्था, सादगी और सहजता के धनी, कर्म के प्रति गंभीर दृष्टिकोण, जनसेवा के लिये समर्पण, आपने दायित्वों के प्रति निष्ठा का भाव ही डॉ. ढालसिंह बिसेन को वर्तमान राजनैतिक परिवेश में एक अलग ही पहचान देता है। करीब 48 वर्ष के ल बे राजनैतिक सफर में अनेक उपलब्धियों की सौगात देने वाले डॉ. ढालसिंह बिसेन को उनके 71 वां जन्मदिवस पर ढेर सारी बधाई और शुभकामनायें, इस अपेक्षा के साथ कि भविष्य मे भी वे मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुये अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करें और अपने राजनैतिक सफर मे जिले को उसके वर्तमान और भविष्य की अनेक उपलब्धियां दें।

# याद करें सन् सत्तावन की वह तलवार पुरानी, रोटी और कमल ने लिख दी युग की अमिट कहानी

1770 से लेकर 1857 तक पूरे देश में अंग्रेजों के खिलाफ 235 विद्रोह हुए, जिनका परिपक्व रूप हमें 1857 में दिखाई देता है. 1770 में बंगाल का संन्यासी आन्दोलन, जहां से वंदे मातरम निकल कर आया. 150 संन्यासियों को अंग्रेजों की सेना गोली मार देती है. जहां से मोहन गिरी, देवी चौधरानी, धीरज नारायण, किसान, संन्यासी, कुछ फकीर, ये सभी मिलकर विद्रोह में खड़े हुए, जिन्होंने अंग्रेजों की नाक में दम किया था और इसी विद्रोह को दबाने में अंग्रेजों को तीस वर्ष लग गये. जहां से भारतीय राष्ट्रीयता की सबसे बड़ी नींव पड़ी, 1857 से पहले किसानों, जनजातियों तथा आम लोगों का अंग्रेजों के खिलाफ बहुत बड़ा विद्रोह रहा है.

हमारे देश की वीरांगनाओं का इसमें बड़ा योगदान था, उस दौरान पचास-पचास महिलाओं को अंग्रेजों ने फांसी पर लटकाया है, पेड़ों से रस्सी बांध कर. आज भी बागपत और इन इलाकों के गाँव के अंदर उन पेड़ों को लोगों द्वारा पूजा जाता है. 1857 की क्रान्ति और उसके बाद की घटनाओं में इस आंदोलन में महिलाओं ने कई बार अंग्रेजों के दांत खट्टे किए हैं. मेरठ, मुज फरनगर, शामली इन तमाम जगहों पर ऐसे नाम मिलते हैं. अच्छी बात इसमें यह है कि इसमें गुर्जर, जाट, ब्राह्मण, दलित भाई-बहनें और मुस्लिम समुदाय के भी हैं. इसमें ऐसी भी महिलाएं हैं, जिन्होंने झुंड बनाकर



अंग्रेजों के खिलाफ काम किया और ऐसे कई उदाहरण हैं कि पति मेरठ के बाद दिल्ली लड़ाई लड़ने चला गया और फिर उनकी महिलाओं ने मेरठ में मोर्चा संभाला. इसमें अवंतीबाई का नाम आता है.

यहां तक कि मध्य प्रदेश की एक गायिका का नाम भी सामने आता है जो अंग्रेजों के बीच छावनी में जाती थी, तो नाच करने के दौरान अपने सैनिकों को पुड़िया में संदेश पहुंचाया करती थी. मोतीबाई, झलकारीबाई, झांसी का रानी का नाम प्रमुखता से आता है. यहां महिलाओं की सेना मटके द्वारा छत से अंग्रेज सैनिकों के ऊपर गर्म तेल डालती थी. साथ ही अपनी रानी का सुरक्षा घेरा बनाकर उनकी रक्षा करती थी.

कमल का फूल, रोटी और पत्र पूरे देश के अंदर घूम रहे थे. अंग्रेज़ खुद लिखते हैं, एक-एक रात के भीतर ये रोटी 200 से 300 मील तक चली जाती थी. उस समय चौकीदार की बहुत बड़ी भूमिका रही थी योंकि एक भी चौकीदार ने अपनी जुबान नहीं खोली कि इस कमल और रोटी घूमने का मतलब` या है, या पेड़ की छाल छीलने का` या मतलब है. पेशावर से लेकर बेलगांव तक और डीमापुर से लेकर शिवसागर तक पंचमहल, शोलापुर, देश के कौने-कौने में यह सुनियोजित तरीके से फैल रही थी.

अभी हाल ही में पराग टोपे की एक किताब आई है, पराग टोपे तात्या टोपे के खानदान से हैं. बड़ा अच्छा मतलब बताया है उन्होंने, एक कमल के फूल में 25 से 30 पंखुड़ियाँ होती हैं और जो अंग्रेजी प्लाटून होती थी, उसमें 25 से 30 सिपाही होते थे. ऐसे में लाल रंग के कमल के रूप में भारतीय सैनिकों के लिए संदेश था कि तुमको विद्रोह करना है. रोटी का मतलब था कि ऐसा समय आने वाला है, जब तु हें खाने पीने की चीजों की किल्लत हो सकती है. देखिये जो हिन्दुस्तानी सिपाही हैं, उनको कभी रसद की दिक्कत नहीं हुई. पेड़ की छाल छीलने का मतलब था कि जिस तरह से पेड़ की छाल छीलने पर पेड़ मर जाता है, उसी प्रकार से अँग्रेजी हुकूमत हमें खा रही है और हमें इसके खिलाफ खड़े होना है.

अब पत्रों के अंदर पेशावर से लेकर बंगाल तक के सभी पत्रों को ही ले लीजिये, पेशावर से लेकर बंगाल तक` या कारण है कि पत्रों की गुप्त भाषा एक जैसी है, जिसमें एक जैसे संदेश दिये जा रहे हैं. नाना साहब की चिट्ठियाँ आप देखिये कि जो भाषा है, वह एक ही है. 1857 से पहले नाना साहब की चिट्ठी आप देखिए कि ज मू के राजा तक को पत्र लिखा कि हमारी मदद करना, जिस पर ज मू के राजा ने हामी भरी है. साफ है यह एक सुनोयोजित तरीके से की गयी क्रांति थी.

जेएनयू के हिस्ट्री डिपार्टमेंट में 1857 की क्रान्ति पर एक भी थीसिस जमा नहीं हुई. अलीगढ़ विश्वविद्यालय और हैदराबाद में भी नहीं है, जो अपने आप में रिसर्च के गढ़ माने जाते हैं. दिल्ली में एक दो बाद में हो गए, वह भी तब जब सरकार ने इसे घोषित किया कि यह स्वतंत्रता संग्राम था.

जब मैं तात्या टोपे (tatya tope) पर संग्रहालय के लिए एक पैनल बना रहा था तो एक वृतांत मिलता है कि 1 जनवरी, 1859 को युद्ध के अंदर तात्या टोपे की मृत्यु हो गयी. बताते हैं कि 6 जनवरी को अंतिम संस्कार भी कर दिया गया. फिर एक रिपोर्ट आती है कि 6 अप्रैल को तात्या टोपे को जंगलों से पकड़ लिया गया, उस आदमी पर मुकदमा चलाकर जून के अंदर शिवपुरी में उसको फांसी दे दी जाती है. लेकिन 1864 का एक कागज मिलता है कि जिसमें एक डीएम कहता है कि मैंने 40 हजार सैनिक एकत्र कर लिए हैं और मैं असली तात्या टोपे को पकड़ने जा रहा हूं.

इसलिए ना चाहते हुए भी मैं एक प्रश्न खड़ा करता हूं कि` या वास्तव में ग्वालियर में झांसी का रानी की मृत्यु हुई थी,` योंकि अंग्रेजों को रानी की मौत की खबर सात दिन बाद लगी थी. साथ ही रानी को बचाने में आश्रम के 782 साधुओं ने अपनी जान दी थी. वो कहते हैं कि रानी घायल थी, जिसे हमने नाना साहब के पास भेज दिया और दूसरी स्त्री थी झलकारी बाई, उसका दाह संस्कार किया गया और अंग्रेजों को बताया गया कि झांसी की रानी मर गयी है. वह भी एक ह ते बाद में, और फिर उसकी अस्थियों को दिखा दिया गया. जिससे लगता है कि झांसी की रानी की मौत नहीं हुई. लेकिन इस पर अभी शोध बाकी है. तो अभी ऐसा बहुत कुछ है जो इतिहास में जानने योग्य है और हमारे यहां के शोध छात्रों को इस पर काम करना चाहिए.

**साभार ङ्क 1857 के तथ्य ङ्क प्रो. कपिल कुमार की जुबानी (वरिष्ठ चिंतक और इतिहासकार, वर्तमान में इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर)**

## बहनों के खातों में 10 जून को डाली जाएगी मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि – मु यमंत्री

भोपाल -मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मु यमंत्री



लाड़ली बहना योजना अंतर्गत अगले माह से बहनों के खाते में राशि डाली जाएगी। इसके लिए आवश्यक तैयारी कर ली जाए। कले टर्स ध्यान देकर कार्यवाही करें कि हर हालत में 10 जून को बहनों के बैंक खाते में राशि डाल दी जाए। मु यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय के समत्व भवन में मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना की वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा कर रहे थे। प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि झाबुआ जिले में 90 प्रतिशत से अधिक आवेदनों में आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय खातों की कार्यवाही हो चुकी है। मु यमंत्री श्री चौहान ने योजना की पात्र बहनों के द्वारा भेजे गए पत्रों पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अनन्तिम सूची पोर्टल पर उपलब्ध है। ग्राम पंचायतों में सूची को चस्पा भी कराया जाए। आवेदनों के संबंध में प्राप्त आपत्तियों की ठीक ढंग से जाँच करें। कोई भी पात्र बहना लाभ से वंचित न रहे। बहनों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्हें अनावश्यक बैंक आने की जरूरत नहीं पड़े। मु यमंत्री श्री चौहान ने कले टर्स से फीड बैक भी लिया।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गेहूँ की खरीदी के बाद भुगतान में देरी न हो। पंचायतों में 25 लाख रूपए तक की राशि के कार्य पंचायतें ही करेंगी। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से 25 लाख रूपए तक के कार्य नहीं कराए जाएँ। निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों को अपनी पंचायत में कार्य करने का हक है। ब्याज माफी अभियान में डिफाल्टर किसानों के आवेदन भरवाए जाएँ। कल से अभियान शुरू हो रहा है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक/ महाप्रबंधक श्री तरसेम सिंह जीरा को निर्देश दिये कि महिलाओं को बैंक के स्तर पर कोई परेशानी न हो, उन्हें बैंक न आना पड़े, यह प्रयास करें। मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना से संबंधित सभी कार्य बिना बाधा के संपन्न हो जाएँ।

# किसानों की आय दोगुना करने भाजपा सरकार सदैव प्रयासरत - वैभव पवार

## धारना एवं उगली मण्डल में आयोजित हुई नवमतदाता युवा चौपाल




सिवनी यशोः- भारतीय जनता युवा मोर्चा पूरे मध्यप्रदेश में युवा चौपाल का आयोजन कर रही है। जिसमें युवाओं के बीच में जाकर भारतीय जनता पार्टी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में युवाओं से संवाद कर रहा है। भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी महेन्द्र बघेल ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा सिवनी जिले के धारना मण्डल की केकड़ई पंचायत एवं उगली मण्डल की पाण्ड्या छपारा में युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष युवराज राहंगडाले द्वारा बताया गया कि युवाओं के लिए जितना काम मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने किए हैं उतना आजतक किसी दल की सरकार ने नही किया। बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर सरकार बनाने वाली कांग्रेस ने युवाओं को धोखा दिया।

भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2018 के चुनाव में प्रदेश के किसानों से झूठा वादा किया कि चुनाव जीतने के 10 दिन बाद सभी का कर्जा माफ किया जाएगा। परन्तु चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस ने किसानों को धोखा दिया। केंद्र की मोदी सरकार किसानों की आय दुगुनी करने हेतु प्रतिबद्ध है। किसानो के लिए स मान निधि के रूप में केंद्र की भाजपा सरकार ने 6 हजार रुपए देने की शुरुआत की तो शिवराज सरकार ने चौथी बार शपथ लेने के बाद 4 हजार मिलाकर देने का निर्णय लिया। इस तरह अब वर्ष में 10 हजार रुपए किसानों के सीधे खाते में पहुंच रहे हैं।

इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष युवराज राहंगडाले, भाजपा जिला महामंत्री अजय डागोरिया, पूर्व विधायक कमल मर्सकोले, सहकार भारती के राष्टीय मंत्री अशोक टेकाम, नरेश, युवा समाजसेवी राकेश टेकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय राहंगडाले, जनभागीदारी अध्यक्ष बरघाट देवेंद्र राहंगडाले, प्रदेश सोशल मीडिया सदस्य अंशुल ठाकुर, जिला महामंत्री तुलेश डहरवाल, नीरज रानू ठाकुर, जिला उपाध्यक्षगण मनोज गौतम, अंकित ठाकुर, जिलामंत्रीगण अतीत बिसेन, हनुमत पंचेश्वर, अमित पांडेय, सोशल मीडिया प्रभारी खुशेन्द्र पवार, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष सतेंद्र राहंगडाले, अमीश देशमुख, रामकुमार मोतीचूर, विजय चौधरी, बसन्त पटले, टोमेश्वर राहंगडाले, शिवम शरणागत, मस्तराम चौधरी, पवन एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तापमान ने लगाई छलांग तेज हवाओं से लू लगने का खतरा

## 8 बजे सुबह से ही लगने लगी तेज धूप दोपहर में पारा 40 डिग्री तक पहुंचा,परिषद से प्याऊ लगाई जाने की मांग



छपारा यशोः- गत मार्च अप्रैल माह में जिस तरह से बेमौसम बारिश हो रही थी उसी प्रकार से मई माह के शुरुआती सप्ताह में भी बारिश के कारण तापमान में जबरदस्त गिरावट के चलते ठंडक रही। वही बीते 5 मई से मौसम खुलने के बाद अब कुछ दिनों से तापमान में उछाल आ रहा है और दिन का तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंचने लगा है, जिसे देखते हुए आगामी दिनों में गर्मी और बढ़ने की संभावनाएं है, वहीं दूसरी ओर तेज गर्म हवाओं के चलने से लू लगने का अंदेशा है। ज्ञात हो कि वर्तमान में शादी विवाह का सीजन होने से लोगों का आना-जाना लगा हुआ है इस तेज गर्मी में लोगो को सर्वाधिक पेयजल की आवश्यकता पड़ती हैं ऐसे में नगर के बस स्टैंड स्थित माता मंदिर समिति के द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई एवं नगर परिषद ने महज खानापूर्ति करते हुये नगर में दो तीन जगह मटके रखकर प्याऊ खोला है।

वही इसके अतिरिक्त महाराणा प्रताप कॉलोनी के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक आर.के.से सेना द्वारा सीएम राइज विद्यालय की वाउंड्री वॉल के समीप प्याऊ लगाकर सराहनीय प्रयास किया है जिससे लोगों को इस तेज गर्मी में ठंडा पानी उपलब्ध हो रहा है। नगर वासियो ने जनहित में नगर परिषद से मांग की है कि आगामी दिनों में पड़ने वाली इस भीषण गर्मी में लोगो के लिये और भी प्याऊ खोले जाये जिससे इस गर्मी में आम जनता को शुद्ध और ठंडा पेयजल आसानी से मिल सके।

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी प्लेसमेंट ड्राईव 19 मई को

सिवनी यशोः- प्राचार्य शासकीय आईटीआई सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में शुक्रवार 19 मई 2023 को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट ड्राईव में सुजुकी मोटर्स प्रा.लि.हंसलपुर गुजरात द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम विभिन्न पदों पर भर्ती कार्यवाही की जाएगी।

**10वी उत्तीर्ण न्यनूतम 40त्न एवं वर्ष 2018,2019,2020,2021 एवं 2022 मेंपास आउट**

एनसीव्हीटी/ एससीव्हीटी व्यवसाय टूल्स, मशीनिष्ट, टर्नर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, फिटर, एंड डाई मेकर्स प्लास्टि, इले ट्रीशियन, वेल्डर, क प्रोसेसिंग ऑपरेटर ट्रे टर मैकेनिक, सीओई ऑटोमोबाईल, पेंटर जनलर ट्रेड में न्यनूतम 50त्न अंकों उत्तीर्ण 18 से 24 के केवल पुरूष प्रतिभागी उपस्थित होकर लाभ ले सकते हैं।

इच्छुक प्रतिभागी अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, 3 पासपोर्ट साइज की फोटो, बायोडाटा लेकर प्लेसमेंटर ड्राईव में उपस्थित होवे। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा। भर्ती कंपनियों की शर्तों पर की जाएगी। ड्राईव में प्रतिभागिता हेतु कोई मार्ग व्यय नहीं दिया जाएगा।

# शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिये चिकित्सा शिक्षा प्रवेश में 5 प्रतिशत सीट आरक्षित

## चिकित्सा शिक्षा नियम में संशोधन जारी

सिवनी यशोः- राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम-2018 में संशोधन किया है। संशोधन के अनुसार अब शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी को सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये स्वीकृत कुल सीट्स में से 5 प्रतिशत सीट्स आरक्षित की गई हैं। महिला अ यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत आरक्षण, दिव्यांग अ यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 5 प्रतिशत तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अ यर्थी और सैन्कि अ यर्थी को केवल शासकीय महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये कुल सीट्स का 3-3 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

संशोधन अनुसार प्रवर्ग को स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि इसमें महिला, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सैनिक, दिव्यांग, अनिवासी भारतीय प्रवर्ग एवं शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हैं। इसी प्रकार जोड़े गये उप-नियम अनुसार शासकीय विद्यालय से अभिप्रेत है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित शासकीय विद्यालय। शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों में ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने शासकीय विद्यालय में कक्षा-6 से 12वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के माध्यम से प्रवेश के आधार पर कक्षा-1 से 8 तक निजी विद्यालयों में अध्ययन करने के बाद शासकीय विद्यालय में कक्षा-9 से 12वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण की हो, को शामिल किया गया है।

संशोधन नियमानुसार स्नातक पाठ्यक्रम (एमबीबीएस/ बीडीएस) के लिये शासकीय विद्यालय विद्यार्थी प्रवर्ग से प्रवेश के लिये अ यर्थी को संबंधित विभाग के जिला शिक्षाधिकारी/जिला संयोजक/सहायक आयुक्त द्वारा जारी किये गये, इस आशय के प्रमाण-पत्र को मूल प्रति में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा कि अ यर्थी नियम-2ब की अपेक्षा पूर्ण करता है।

# नगरपालिका बालाघाट में समग्र-केवायसी कार्य अवकाश के दिनों भी में प्रारंभ रहेगा

## मध्यप्रदेश में परिवार के प्रत्येक सदस्य की समग्र-केवायसी अनिवार्य

बालाघाट यशोः- नगरपालिका बालाघाट में हितग्राहियों की समग्र केवायसी कार्य अवकाश के दिनों में 10 से 4 बजे तक पूरे मई माह में प्रारंभ रहेगा। जिससे अधिक से अधिक हितग्राहियो को बिना किसी असुविधा से योजनाओं को लाभ प्राप्?त किया जा सकेगा। नगरपालिका बालाघाट के इस अभियान में नगर के अधिकृत सीएससी एवं एमपीऑनलाईन संचालक भी हितग्राहियों की निःशुल्क समग्र केवायसी करके सहयोग प्रदान कर रहे है। नवागत मु य नगरपालिका अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका क्षेत्र के हितग्राहियों का ध्यान में रखते हुए अवकाश के दिनों में भी समग्र केवायसी करने कार्य प्रारंभ रखा गया है।

# सहकारी समिति की हड़ताल: सिवनी विधायक दिनेश राय हड़तालियों के पंडाल में पहुँचे

## सहकारी समिति के हड़ताली कर्मचारियों ने विधायक के सामने रखी माँगे

### हड़ताल से लौट रहे विक्रेता की सड़क दुर्घटना में मौत, हड़ताल स्थल पर दी श्रद्धांजलि..



सिवनी यशोः- प्रदेश सरकार की गलत नीतियों से ना केवल आमजन अपितु कर्मचारी व अधिकारी वर्ग भी त्रस्त है। अपनी जायज मांगों के लिये कर्मचारी हड़ताल पर जा रहे हैं, किन्तु उनकी मांगें पूरी नहीं हो रही। न्यायोचित मांगों को लेकर शुक्रवार को मध्यप्रदेश सहकारिता समिति के कर्मचारियों के हड़ताली पंडाल अ बेडकर चौक पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन पहुँचे जहाँ पर सहकारी समिति के जिलाध्यक्ष वंशी ठाकुर व जोगेश ठाकुर द्वारा विधायक को अपनी 02 सूत्रीय जायज माँगो से अवगत कराया गया । जिसे सुनने के बाद विधायक ने हड़ताली कर्मचारियों को पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि मैं शीघ्र ही आपकी माँगो को मनवाने हेतु प्रयास करूँगा।

विधायक के समक्ष अपना मांग पत्र प्रस्तुत करते हुये मध्यप्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी उचित मांगों को विगत दस वर्षो से अनसुना किया जा रहा है। जबकि अल्पवेतन प्राप्त करने वाला कर्मचारी 12-12 घण्टे काम कर रहा है। बढ़ती महंगाई के चलते अब परिवार का भरण पोषण करना भी मुश्किल हो रहा है। 6 मई से महासंघ भोपाल के आव्हान पर प्रदेश के समस्त कर्मचारी अनिश्चित कालीन आंदोलन पर है। उन्होंने अपनी दो सूत्रीय मांगों को प्राथमिकता देते हुये बताया कि वर्ष 2019 में जारी पै स सेवा नियम अनुसार वेतनमान लागू किया जावे, पै स सहकारी संस्थाओं समस्त कर्मचारियों को स मिलित किया जाये। दूसरी मांग प्राइवे उपभोक्ता भंडार, स्वसहायता समूह, वन समिति आदि को खाद्यान्न वितरण कमीशन 200 रुपये प्रति क्विंटल, सीजन 02 किलो प्रति क्विंटल किये जाने की मांग रखी।

**दिनाँक 07 मई को हड़ताली स्थल से निकले विक्रेता की सड़क दुर्घटना में मौत** –

दिनाँक 07 मई को कुरई विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सतोषा में संचालित स्व सहायता समूह के विक्रेता कमलेश डहरवाल का ऐ सीडेंट हो गया था जिसको गंभीर अवस्था मे नागपुर में भर्ती कराया था जहाँ 04 दिन उपचार चलने के उपरांत दिनाँक 11 मई को दोपहर 04 बजे उनका देवलोकगमन हो गया इस दुःख की घड़ी में मृत आत्मा को शांति एवं ईश्वर के चरणों मे स्थान देने हेतु हड़ताली स्थल अ बेडकर चौक सिवनी पर 02 मिनट का मौन धारण कर कर्मचारियों सहित विधायक मुनमुन राय ने भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# एनडीईआरएफ की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया आग से बचाव के उपाय

## मॉकड्रिल के माध्यम से दी गई जानकारी



सिवनी यशोः- शुक्रवार 12 मई को नेहरू स्टेडियम सिवनी में भूपेन्द्र सिह ठाकुर, डिस्ट्रि ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड, के मार्गदर्शन में धनेन्द्र अंगारे प्लाटून कमाण्डर, आनंद कुमार कौशल एएसआई गौरीशंकर डोगरे हवलदार अनुदेशक, तथा होमगार्ड / एस0डी0ई0आर0एफ0 की रेसे यू टीम द्वारा शहर के गणमान्य नागरिक एवं समर कैंप के लगभग 200 छात्र एवं छात्राओं को आग से बचाव एवं सुरक्षा के उपाय संबधी विस्तृत जानकारी आपदा प्रबंधन की कार्यशाला आयोजित कर दी गई तथा जनजागरूकता के लिये फायर मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान आग, आग के प्रकार, आग से बचाव, फायर एग्स्टीग्यूसर के प्रकार, एवं उपयोग, LPG सिलेण्डर में आग लगने पर आग बुझाने के तरीकों की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। उक्त कार्यशाला में लेखराम सिंह रिटायर्ड डी0एस0पी0, सुनील मालू, नाथूराम इनवाती रिटायर्ड प्राचार्य, एम0के0 नेमा, स्टेडियम सचिव, दिलीप सच्चावी, उपस्थित रहे ।

# सहारा निवेशक जमा राशि के दस्तावेज प्रस्तुत करें

सिवनी यशोः- अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार द्वारा जानकारी दी गई कि सहारा इंडिया के अधिकृत अधिकारी श्री डी सी राय, एरिया कार्यालय, सतना द्वारा कले टर कार्यालय, सिवनी को पत्र दिनांक 11.04.23 द्वारा सूचित किया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर निवेशकों को भुगतान प्रारंभ किया जा रहा है इसके लिए भुगतान प्राप्त करने हेतु निवेशकों को अपना प्रार्थना पत्र, जमा राशि के दस्तावेजों के साथ केंद्रीय रजिस्ट्रार (सहकारी समिति) प्रथम तल सहकारी मंत्रालयअटल अक्षय ऊर्जा भवन सीजी कॉ प्ले स लोधी रोड नई दिल्ली-110003 को रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजना होगा। अतः सहारा इंडिया के ऐसे सभी निवेशकों को सलाह दी जाती है कि उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करें जिससे भुगतान की प्रक्रिया पूरी हो सके।

# मु यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत विकासखण्डवार विवाह की तिथियां निर्धारित

सिवनी यशोः- मु यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना (संशोधित योजना- 2022 ) में दिये गये निर्देशानुसार जिले के विकासखण्ड स्तर (जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय सहित) पर माह मई एवं जून, 2023 में सामूहिक कन्या विवाह / निकाह कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रत्येक विकासखण्ड में 200- 200 जोड़ों का लक्ष्य निर्धारित कर सामूहिक विवाह आयोजन संबंधी तिथियां विवाह पोर्टल पर दर्ज कर दी गई है।

मु यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत विकासखण्ड कुरई में गुरूवार 11 मई 2023, विकासखण्ड सिवनी में मंगलवार 16 मई, विकासखण्ड बरघाट में शनिवार 20 मई, विकासखण्ड केवलारी में शुक्रवार 26 मई, विकासखण्ड छपारा में मंगलवार 30 मई, विकासखण्ड लखनादौन में गुरूवार 01 जून, विकासखण्ड धनौरा में शनिवार 03 जून एवं घंसौर में मंगलवार 06 जून 23 तिथि निर्धारित की गई हैं। इसी तरह नगरपालिका क्षेत्र सिवनी के लिए 100 जोड़ों का लक्ष्य निर्धारित करते हुए शुक्रवार 09 जून 2023 तिथि निर्धारित की गई है।

कले टर क्षितिज सिंघल द्वारा मु यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत होने वाले विवाह एवं तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश सभी जनपदों एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को दिए गए हैं। हितग्राहियों की पात्रता की जांच हेतु जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर समिति का गठन करने तथा जांच पश्चात प्राप्त सभी आवेदनों की पात्रता (पात्र एवं अपात्र दोनों) के विवरण को विवाह पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश संबंधित अधिकारी- कर्मचारियों को दिए गए हैं।

# जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मु यमंत्री जन सेवा अभियान दिव्तीय चरण से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों अधिकारियों से उनके विभाग से संबंधित अधिसूचित सेवाओं के आवेदनों के निराकरण स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए अनिवार्य रूप से सभी लंबित आवेदनों को निराकृत करने के निर्देश दिए। इसी तरह सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के तत्परता से निराकरण करने के निर्देश भी श्री सिंघल द्वारा दिए गए । कले टर सिंघल ने सभी जनपदों एवं नगरपालिका के अधिकारियों से चर्चा कर 16 मई से आयोजित होने वाले वार्डवार एवं ग्रामवार शिविरों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए शिविरों के प्रचार प्रसार तथा इनके व्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। सिंघल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अनुपस्थित पाये गये मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, सचिव मंडी एवं प्राचार्य महाविद्यालय सिवनी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# बीमारियों की जाँच और उपचार सहित बचाव की दी जायेगी जानकारी

सिवनी यशोः- प्रदेश के सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में 15 मई को स्वास्थ्य मेला (आरोग्यम-ओवरऑल वेल बीइंग) लगाया जायेगा। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में शहरी स्वास्थ्य संस्थाएँ, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र और मु यमंत्री संजीवनी लीनिक शामिल हैं। एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि सभी मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मेले में की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में निर्देश दिये गये हैं। मेले में त बाकू के प्रयोग पर नियंत्रण किये जाने के लिये परामर्श देना, स्वच्छता और स्वास्थ्य पर वार्ता, किशोरियों के लिये सेनेटरी नेपकिन के प्रयोग के लिये जागरूकता, 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन के जाँच के प, एनसीडी स्क्रीनिंग में डायबिटीज, हाईपरटेंशन, कैंसर और आँखों की जाँच की जायेगी। मेले में टीबी की स्क्रीनिंग और जागरूकता बढ़ाने के कार्यक्रम भी किये जायेंगे।

सभी मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य मेले की जानकारी सोशल मीडिया एकाउंट पर अपलोड करेंगे। बताया गया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत माह की प्रत्येक 14 तारीख को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला लगाया जाता है। मई माह में 14 तारीख को अवकाश होने से 15 मई को स्वास्थ्य मेले लगाये जायेंगे।

# दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए जनपदवार शिविरों का आयोजन

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार मु यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण अंतर्गत दिव्यांगजनों को शत्-प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र नवीनीकरण के लिए जनपद पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

जारी कार्यक्रमानुसार जनपद पंचायत बरघाट में 13 मई 23 को, जनपद पंचायत केवलारी में 15 मई, जनपद पंचायत लखनादौन में 16 मई, जनपद पंचायत कुरई में 17, जनपद पंचायत धनौरा में 19 मई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंसौर में 23 मई, जनपद पंचायत छपारा में 24 मई को एवं जनपद पंचायत सिवनी में 26 मई 23 को शिविर आयोजित होंगे।

शिविर में दिव्यांगता अस्थिबाधित- (कुष्ठ रोग मुक्त, चलन दिव्यांगता, बौनापन, मांसपेशिय दुर्विकास, जीर्ण तंत्रिका विज्ञान की स्थिति, स्पेसिफिक लर्निंग डिसएबिलिटी, मल्टिपल स् लेरोसिस, थैलेसीमिया, हीमोफिलिया / अधिक रक्तस्राव, सिक्कल कोशिका रोग, तेजाब हमला पीड़ित, पार्किंसन रोग) दृष्टिबाधित-(अन्धता, कम दृष्टि) श्रवणबाधित-(श्रवण शक्ति का हास, मूक दिव्यांगता) मानसिकबाधित-(मानसिकमंदता, मानसिक रूग्णंता, प्रमस्तिष्क घात, स्व-परायणता) एवं बहु दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। दिव्यांगजनों को नवीन प्रमाण पत्र बनवाने एवं नवीनीकरण के लिए 4 वर्तमान पासपोर्ट साईज फोटो (दिव्यांगता दर्शाते हुए), सामग्र आईडी, आधार कार्ड, नवीनीकरण की स्थिति में पुरान दिव्यांगता प्रामण पत्र एवं दिव्यांग का वर्तमान या पूर्व में ईलाज कराए गए दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा।

# पक्षियों को बचाने हर नागरिक आगे आए

## प्रवासी पक्षी दिवस मनाया गया

मण्डला यशोः- विश्व प्रवासी पक्षी दिवस का आयोजन प्रजापति ब्रह्मा कुमारी आश्रम में चल रहे समर कैंप में मु य अतिथि ब्रह्मा कुमारीज मंडला क्षेत्र का संचालिका राजयोगिनी ब्रह्मकुमारीममता दीदी के द्वारा मिट्टी के सकोरे में पानी देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया शहर में लगभग 100 स्थानों पर मिट्टी के पात्र रखे जाएंगे इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ओम लता दीदी के द्वारा छात्रों को प्रकृति को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने की अपील की कार्यक्रम में इको ` लब प्रभारी आरके छतरी ने छात्र एवं छात्राओं को प्रवासी पक्षी की जानकारी देते हुए अवगत कराया भारत में विश्व से लगभग 250 प्रजातियों के पक्षी का आगमन हमारे देश में होता है और यह पक्षी अपने जीवन काल में एक मेहमान की तरह आते हैं और वापस चले जाते हैं



आने के मु य कारण हैं कि भारत इन पक्षियों के लिए एक बेहतरीन स्थल है जहां पर भी अपने बच्चों को जन्म देते हैं पालते हैं और उनका संरक्षण कर वापस हो जाते हैं भारत एक विश्व का जैविक तंत्र का सबसे बड़ा रहवासीस्थल है जो दुनिया के अनेक पक्षियों का आश्रय स्थल होता है योंकि यहां पर अनेक नम भूमि जलाशय नदी पोखर तलाव एवं जलीय जीव तत्र उपस्थित है जो इन पक्षियों का भोजन आवास है इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं को पर्यावरण को बचाने एवं पक्षियों के बचाने के लिए ममता दीदी के द्वारा छात्रों को लाइव शपथ भी दिलाई गई कार्यक्रम में बीके भाई प्रिंस कौशल सरोज बहन ज्योति बहन उषा आकांक्षा एवं लताबहन उपस्थित होकर कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया।

# माँ को परिभाषित करने में कठिन शब्द भी खामोश हो जाते है

## मातृ दिवस या मदर्स डे पर विशेष – ममता चौरसिया

मंडला 14 मई 2023

भारतीय संस्कृति में मां का स्थान सर्वोपरि है ।व्यक्ति की शुरुआत मां के चरण वंदन से शुरू होती है। धरती पर मौजूद प्रत्येक इंसान का अस्तित्व मां के कारण ही है, हमारे हर विचार और अनुभव के पीछे मां द्वारा रोपित किए गए संस्कार के बीज हैं जिनकी बदौलत हर इंसान का व्यक्तित्व निर्माण होता है।

पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मां के प्यार को समर्पित मदर्स डे मनाया जाता है ।वैसे मातृ दिवस है मदर्स डे मनाने की शुरुआत ग्रीस देश से हुई , जहां देवताओं की मां को पूजने का चलन शुरू हुआ ।

आज पूरे विश्व सहित भारत में भी इसे लोग अपने तरीके से मनाते हैं। आज की इस भागदौड़ की जिंदगी में भारतीय नागरिक भी इतना व्यस्त हो गया है कि वह अपने परिवार और मां के लिए कुछ करना तो चाहता है पर समय अभाव के कारण नहीं कर पाता पर इस विशेष दिन वह अपने दिल के भावों को मां को प्रदर्शित करता है। यह वह भावात्मक पल होते हैं जब मां बच्चों को प्रगाढ़ प्रेम दिल को सुकून पहुंचाता है। पुराने समय में संयुक्त परिवार में बच्चे अ सर इस तरह



अपनी मां के साथ प्यार को प्रदर्शित नहीं कर पाते थे ,,मां बच्चों का अटूट प्रेम तो रहता था पर दिखा नहीं पाते थे ।

आज सोशल मीडिया का जमाना है और प्रत्येक व्यक्ति इतना जागरूक हो गया है कि हर उम्र का व्यक्ति अपनी मां को यह दिन समर्पित करना चाहता है और कृतज्ञता प्रकट करना चाहता है । हम सभी जानते हैं मां को परिभाषित करना बहुत कठिन शब्द भी खामोश हो जाते हैं जब हम मां को सोचते हैं। इस प्यार के पल में समाज को एक सकारात्मक सोच से स्वीकार करना चाहिए` योंकि अच्छी बातें जहां से भी मिले ग्रहण करनी चाहिए यदि वाकई मां से प्यार करते हो तो उनको गले लगाओ प्रण करो कि मेरा जन्म सिर्फ आपकी अमानत है मैं इतना अच्छा इंसान बनूंगा या बनूंगी कि आपका नाम पूरी दुनिया में रोशन करूंगा और यह दिन तो सिर्फ कृतज्ञता प्रकट करने का है पर वाकई हम अपने मां पिता को स मान देना चाहते हैं तो बच्चे उनका कहना माने संस्कारित हो और बड़े लोग उनको थोड़ा सा वक्त तो थोड़ा सा प्यार दो उनका स्नेह भरा आशीर्वाद और अनुभव आपके जीवन में फूल बिछा देगा ।

मां को समर्पित इस दिन में प्रण करें कि देश से वृद्ध आश्रम बंद हो किसी मां पिता को इसके दरवाजे पर खड़ा ना होना पड़े।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद बरघाट में कांग्रेसीयो ने मिठाई बांटी

बरघाट यशोः-- कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस पार्टी जीत के बाद बरघाट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई, और जश्न मनाया।

कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की बढ़ती जीत को लेकर बरघाट नगर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। जश्न का माहौल है,



इसी को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं बरघाट में जमकर जश्न मनाया, और बस स्टैंड में पटाखे फोड़कर मिठाई बांटकर खुशी मनाई। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील अवधिया ने बताया कि कर्नाटक में कांग्रेस की बढ़ती हुई बढ़त को देखते हुए आज जश्न मनाया है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण है। बीजेपी की भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ लोगों ने अपना भरोसा कांग्रेस पर दिखाया है। हम मतदाताओं का भी आभार व्यक्त करते हैं।इस अवसर पर सुरेंद्र जायसवाल, राकेश जैन जाहिद खान, संतोष दहाटे, आसिफ बब्लू खान, नवीन नागभिरे, प्रकाश चौधरी, कामरान नाजमी, उत्तम बिसेन, शाहिद खान, प्रसन्न गजभिये, अमित सोनटके, जाहिद खान, राजेश लुधियाना, राकेश गुप्ता, हर्ष गुप्ता, शीलवेंद्रम रियाज खान, राजेश लांजेवार, प्रेमशंकर श्रीवास्त्री, युगल चौधरी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

# मु यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 जनसेवा मित्र निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका

मंडला यशोः- मु यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 के योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे मु यमंत्री जनसेवा मित्र। 10 मई से 31 मई तक लगने वाली इस अभियान की जानकारी देने का प्रयास कर रहे हैं। इस हेतु मंडला जिले की सी.एम. फेलो सुप्रिया पाठक के मार्गदर्शन में जनसेवा मित्र मोहगांव विकासखंड के आवंटित अलग-अलग पंचायतों में जाकर विभिन्न नवाचारों एवं कर्मठता के साथ योजना का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। जनसेवा मित्र का यह प्रयास होता है कि हर पात्र तक योजना की जानकारी पहुंचे एवं कोई भी पात्र हितग्राही कल्याणकारी योजना से वंचित ना रह पाए।

नवाचारों के क्रम में जनसेवा



मित्रों द्वारा जगह-जगह पर जागरूकता हेतु घर-घर तथा गांव-गांव जाकर रैली व नारे के माध्यम से प्रचार में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। इस महाभियान को पूरा करने के लिए भी जनसेवा मित्र पात्र हितग्राहियों की लगातार सहायता कर रहे हैं। वनोपज संग्रहण के लिए सुबह से घर से बाहर जाने वाले तथा मार्ग में मिलने वाले प्रत्येक व्यि त को व खेत में कार्य कर रहे सभी व्यि तयों को इस महाअभियान की जानकारी दे रहे हैं। इस अभियान में मोहगांव ब्लॉक के जनसेवा मित्रों ने लोगों से बातचीत करके उनके समस्याओं को जानने का प्रयास किया तथा उनके निराकरण हेतु शासन के 15 विभागों में 67 सेवाओं में आवेदन कर निराकरण की सलाह भी दिए। साथ ही ब्लॉक स्तर पर लगने वाले शिविर की समय तथा तारीख भी बताया गया। जनसेवा शिविर में हितलाभ वितरण जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, अविवाहित, नामांतरण एवं बंटवारा, किसान क्रेडिट कार्ड आदि से संबंधित जानकारी भी दिया गया। इस दौरान जनसेवा मित्र सागर यादव, नेहा यादव, रवि कुमार झारिया, आदित्य लखेरा, मुकेश तथा सुरेंद्र कुमार नंदा शामिल रहे।

# खिलाड़ी सीख रहें खेल की बारीक तकनीकियाँ

मंडला यशोः- ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदुपयोग हेतु कले टर मण्डला के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के



संयु त तत्वाधान में निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिले के साथ-साथ समस्त विकासखण्डों में 01 मई 2023 से किया जा रहा है। जिला मु यालय में पुलिस लाईन खेल मैदान में, इण्डोर स्टेडियम, ज्ञानदीप स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय मण्डला में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। जिसमें बालक-बालिकाएं फुटबाल, खो-खो, व्हालीबाल, कराते, बैडमिंटन, हैण्डबाल, नृत्य एवं चित्रकला के गुर सींख रहे है। पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों को खेलों से जोड़ने, खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे बच्चें बढ़चढ़ कर भारी सं या में भाग ले रहे है। शिविर में लगभग 300 बच्चें प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

# माँ का योगदान अमूल्य होता है, वह बच्चों के लिये सर्वस्व लुटा देती है

दुनिया में सबसे ऊंचा दर्जा मां का होता है। वैसे तो मां के स मान में हर दिन कम है, लेकिन फिर भी हम हर साल मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाते हैं। इस वर्ष मदर्स डे 2023 में 14 मई को मनाया जा रहा है। मदर्स डे सभी माताओं के लिए समर्पित होता है। ऐसे में यदि किसी को मदर्स डे पर भाषण लिखना है तो हम आपके लिए बेस्ट मदर्स डे स्पीच आईडिया लेकर आए हैं। जिसकी मदद से आप आसानी से मदर्स डे पर भाषण लिख व पढ़ सकते हैं।

हमारे जीवन में मां के योगदान का कोई मूल्य नहीं है। मदर्स डे हम सभी के लिए अत्यधिक यादगार और खुशी का दिन होता है। मां होना दुनिया के सबसे बड़े खजाने के होने जैसा है। यदि किसी के पास मां है तो उसके पास सब कुछ है, अगर मां नहीं है तो वह सबसे गरीब है। दरअसल, हम सबके जीवन में मां की इतनी संवेदनाएं जुड़ी होती हैं कि उनके बिना हम बिल्कुल खोखले हो जाएंगे। हमारी इच्छाएं, आदतें, शौक, मिजाज और वाब सब मां का ही दिया हुआ है। मां की ममता, करुणा और समर्पण के कारण ही हम जीवन में एक इंसान कहे जाने के योग्य बन पाते हैं। मां माटी से बनी देह में भावों का गहना पहनाती है। उठने-बैठने और चलने का सलीका सिखाती है। मां ही है जो हमारे भीतर आई निर्दयता निर्मलता को बाहर निकाल हमें मनुष्यता के सांचे में ढालती है। इसलिए मां दुनिया का सबसे बेशकीमती खजाना है।

हम मां की यादों से कुछ यूं बंधे रहते हैं जैसे माला में धागा। अपनी नसीहतओं के जरिए मां ता उम्र हमारे साथ मौजूद रहती है। जीवन के हर मोड़ पर हमें मां की जरूरत होती है। वैसे तो हमें जीवन की युद्धभूमि में अकेला छोड़ने से पहले मां हमें अपनी सिखों और समझइशों के शस्त्र से अच्छी तरह लैस कर देती है। फिर भी अगर हम किसी संकट में फंस जाएं और किसी कारणवश कोई भी मार्ग न सूझे, तो हम लौटकर मां के पास ही आते हैं। मां हमसे दूर रहकर भी किसी न किसी रूप में हमें सही रास्ता दिखाने आती है। कभी हमारे दिल की आवाज बन, कभी किसी बड़े के मुंह से निकले आशीर्वचन बनकर, मां सदेव हमारे साथ रहती है। यदि मां की नसीहतें जीवन भर गांठ बांधकर रख लें तो यह आड़े वक्त में सही राह दिखाती हैं।

हर किसी के पास अपने बचपन और मां से जुड़े किस्से कहानियां होती हैं। लेकिन हर कहानी की बुनावट में दुनिया की तमाम मांएं एक जैसी ही है होती हैं। जैसे प्यार करने वाली, हमारी गलतियों को माफ करने वाली, हर बार समझाने वाली, पिता की डांट से बचाने वाली, हमारी जिंदगी को पूरा करने वाली, हमारी फिक्र में




अपने आपको को भुला देने वाली, हमारे सपनों को अपने हमारे सपनों को परवाज़ देने वाली। इस संसार में मां की चाहत जितना सुंदर, सलोना और सुखद कुछ भी नहीं है। जब मां हमसे दूर होती है तो हम सब उसकी यादों के सहारे अपने आप को संतुष्ट करते हैं।

हर हम हर जगह मां जैसा प्यार तलाशने की कोशिश करते हैं। हम आप इस उदाहरण से इस बात को समझें हिंदुस्तानी लड़के को अमेरिका की एक कंपनी से जॉब का ऑफर आया, वह खुश हुआ उसने मां की आज्ञा ली और अमेरिका चला गया। उसे अच्छी जॉब, अच्छा घर और अच्छी सब सुख सुविधाएं मिली। फिर भी उसे कुछ अखरता रहा। उसने सोचा, खूब सोचा, तब समझ में आया कि उसे तो हर घड़ी मां के प्यार की कमी महसूस होती है। वह खाने में मां के हाथों का स्वाद तलाशता है, घर में मां की उपस्थिति, कपड़ों में मां का स्पर्श खोज रहा है। असल में बचपन से हम मां के स्नेह के इतने आदी हो जाते हैं कि हर रिश्ते में उसे तलाश करते हैं।

मां हर हाल में मां होती है। अपनी मूल प्रवृत्ति को कभी नहीं छोड़ती। एक मां अपने शिशु के लिए सबसे बड़ा सुरक्षा कवच होती है। जब इंसान अपनी जिंदगी की भाग दौड़, टारगेट, उलझनों से थककर सुकून चाहता है तो वह मां की गोद तलाशता है। उसे अपनी बूढ़ी मां की हथेलियों का स्पर्श एक जादू ऐसा सा लगता है। उसकी सारी निराशा, दुख और अवसाद को कमजोर हड्डियों वाली मां लपक-झपकते ही दूर कर सकती है। इसलिए संतान के लिए मां दुआ भी है और दवा भी। मां को शब्दों में बयां करना आसान नहीं है। मां तो स्नेह कि एक ऐसी डोर है जिसमें बांधकर हम दुनिया के सबसे खुशनसीब इंसान हो जाते हैं। जिस तरह प्रकृति हमें सिर्फ देना जानती है, उसी तरह मां आजीवन अपने स्नेह के जल से हमें सिंचित करती रही है और हमें सदैव खुश रखती है।

मांएं ममतामयी होती है। अपने बच्चे के लिए अपना सर्वस्व लुटा देती है। फिर भी कोई मां ममतामयी मांएं संतान की अपेक्षा का शिकार बनती है। वृद्ध आश्रम में छोड़ दी जाती हैं। बचपन में जिस मां के पहलू से निकलना हमें एक दिन भी गवारा नहीं था, वही मां अब बरसों बरस तक हमारे लौटने की प्रतीक्षा में गुजार देती है। मां बूढ़ी होकर भी मां बनी रहती है। लेकिन हम बड़े होने के साथ बदल जाते हैं` या जीवन भर हम पर प्यार लुटाने वाली मां बूढ़ी होने पर हमारे प्यार और स मान का अधिकार नहीं? मदर्स डे के ही बहाने हम अपनी मां को उसके उपकारों के बदले थोड़ा सा प्यार जरूर दें।

## न्यायालय नजूल अधिकारी सिवनी जिला सिवनी

रा. प्र.क्र. 0232 / अ-6/2022-2023

**ईश्तहार**

परिशिष्ट मेंदी गयी नजूल भूमि पर अपना नाम दर्जकराने हेतु आवेदक सविता पति सुभाष अग्रवाल निवासी, सिवनी तहसील व जिला सिवनी ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है । यह भूमि नजूल रिकार्ड में खातेदार सुभाष पिता मूलचंद अग्रवाल सा. जी.एन. रोड सिवनी के नाम दर्जहै ।

इस संबंध में किसी को कोई आपत्तिहो तो वह दिनांक 22.05.2023 को नजूल अधिकारी सिवनी के न्यायालय में न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी । यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को शासकीय अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस में होगी ।

**परिशिष्ट**

| वार्ड का नाम | ब्लाक नंबर | प्लाट नंबर | रकबा | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| बुधवारी वार्ड | 58 | 45/17 | 1512 | |

जारी दिनांक 12. 05 . 2023 — नजूल अधिकारी

पेशी दिनांक 22. 05 . 2023 — सिवनी

## न्यायालय नजूल अधिकारी सिवनी जिला सिवनी

रा. प्र.क्र. 0233 / अ-6/2022-2023

**ईश्तहार**

परिशिष्ट मेंदी गयी नजूल भूमि पर अपना नाम दर्जकराने हेतु आवेदक सविता पति सुभाष अग्रवाल निवासी सिवनी तहसील व जिला सिवनी ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है । यह भूमि नजूल रिकार्ड में खातेदार सुभाष पिता मूलचंद अग्रवाल सा. जी.एन. रोड सिवनी के नाम दर्जहै ।

इस संबंध में किसी को कोई आपत्तिहो तो वह दिनांक 22.05.2023 को नजूल अधिकारी सिवनी के न्यायालय में न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी । यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को शासकीय अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस में होगी ।

**परिशिष्ट**

| वार्ड का नाम | ब्लाक नंबर | प्लाट नंबर | रकबा | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| बुधवारी वार्ड | 58 | 45/1 | 3395 | |

जारी दिनांक 12. 05 . 2023 — नजूल अधिकारी

पेशी दिनांक 22. 05 . 2023 — सिवनी

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297